तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं खराब



## खबर संक्षेप

### साक्ष्य अधिनियम संबंधी कार्यशाला कल

**मनेन्द्रगढ़।** न्यायालयीन प्रक्रिया एवं साक्ष्य अधिनियम संबंधी कार्यशाला का आयोजन 20 जुलाई को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। इस कार्यशाला में न्यायधीशों जिला न्यायालय मनेन्द्रगढ़ द्वारा न्यायालयी प्रक्रिया एवं साक्ष्य अधिनियम संबंधी प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के समस्त अनुविभागी अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं उनके रीडर उक्त कार्यशाला में निर्धारित तिथि को समयानुसार उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, ताकि न्यायालयीन प्रकरणों के संचालन में विधिक दक्षता प्राप्त की जा सकें।

### छिंदडांड से कांवर यात्रा 21 को

**बैकुण्ठपुर।** शिव आराधना का पावन माह सावन में श्रद्धालुओं के द्वारा भक्तिभाव के साथ भोलेबाबा का जलाभिषेक के साथ विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जा रही। वैसे तो सावन का पूरा महीना शिव आराधना के लिए समर्पित रहता है, लेकिन सावन माह के सोमवार के दिन का विशेष महत्व रहता है, यही कारण है कि सावन सोमवार को शिवालयों में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक करने एवं पूजा-अर्चना के लिए जुटती है। विश्व हिन्दू परिषद बैकुंठपुर द्वारा सावन के दूसरे सोमवार 21 जुलाई को विशाल कांवड़ यात्रा शुरू करने जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार विहिप बैकुंठपुर सावन के दूसरे सोमवार को प्रातः 7 बजे से ग्राम छिंदडॉड के सागरतट स्थित काली मंदिर से भव्य कांवड यात्रा की शुरूआत करेगी,जो मुख्य मार्ग होते हुए कांवड़ियों का जत्था गेजबांध स्थित, महेश्वर धाम होते हुए शिव मंदिर पहुंचेंगे। जहां श्रद्धालुओं के द्वारा जलाभिषेक के साथ विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करेंगे। उक्त कार्यक्रम में आयोजन समिति से श्रद्धालुओं को होने वाले कांवड़ यात्रा में शामिल होने की अपील की गई है। इस दिन महेश्वर धाम शिव मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है।

### विनय कोरिया कांग्रेस के प्रभारी बने

**मनेन्द्रगढ़।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में



एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश की सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में मंडल एवं सेक्टर स्तर पर पुर्नगठन का निर्णय लिया है, इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों के लिए जिला प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जारी की गई सूची के अनुसार पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल को कोरिया जिला का कांग्रेस प्रभारी बनाया गया है। वहीं पूर्व मंत्री अमरजीत भगत को एमसीबी जिला का प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासन) मलकीत सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इस पुर्नगठन का उद्देश्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की जमीनी पकड़ को मजबूत करना, संगठनात्मक ढॉचे को सक्रिय बनाना और आगामी चुनावों की दृष्टि से पार्टी को संगठित एवं ऊर्जावान बनाना है।

### जिले में 8.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 8.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर में 1.5 मिली मीटर, कोतमा में 6 मिली मीटर, बिजुरी में 14.2 मिली मीटर, जैतहरी में 14.8 मिली मीटर, वेंकटनगर में 20.3 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 5.2 मिली मीटर, अमरकंटक में 2 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 3.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

---

**फसलों को मिलेगा भरपूर पानी** | अभी झुमका नहीं हुआ है लबालब, अच्छी बारिश से सिंचाई की चिंता हुई दूर

# झुमका जलाशय 80 तो गेज बांध में 36 फीसदी ही जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लगातार हो रही मानसूनी बारिश से कोरिया जिले के जलाशयों में जलस्तर में काफी उछाल आया है। शुक्रवार की स्थिति में झुमका जलाशय में 80 प्रतिशत तो गेज बांध में 36 प्रतिशत ही जलभराव हो सका है।

कोरिया जिले की कुल 60 जल संसाधन योजनाओं में औसतन 60.28 प्रतिशत जल भराव दर्ज किया गया है, जो किसानों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। खेतों को अब पर्याप्त सिंचाई जल मिल पाएगा, जिससे खरीफ फसलों की स्थिति बेहतर होगी। मध्यम सिंचाई परियोजनाओं (2) में कुल 46.24 मिलियन घन मीटर क्षमता के मुकाबले 33.30 मिलियन घन मीटर यानी 72.02 प्रतिशत जल भराव हो चुका है। वहीं 53 लघु जलाशयों में कुल 54.68 मिलियन घन मीटर क्षमता के विरूद्ध 27.86 मिलियन घन मीटर जल है, जो 50.96 प्रतिशत भराव को दर्शाता है। हालांकि एक डायवर्सन योजना और चार एनीकटों में अभी जल भराव नहीं हुआ है, लेकिन विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि वर्षा इसी तरह जारी रही तो इन योजनाओं में भी जल्द जल संग्रहण होगा।







### खरीफ फसलों को मिलेगा लाभ

जलस्तर में यह सुधार खरीफ सीजन की फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगा। जल संसाधन विभाग के ईई ए टोप्पो का कहना है कि विभाग सतत निगरानी रख रहा है और सिंचाई आवश्यकताओं की के लिए समय रहते हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। 18 जुलाई की स्थिति में झुमका जलाशय में 80 प्रतिशत और गेज बांध में 36 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। वहीं कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जलभराव का सीधा लाभ धान, मक्का और अन्य खरीफ फसलों को मिलेगा, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी की संभावना है।

### क्षमता का 60 प्रतिशत जल उपलब्ध

जिले की कुल जल संग्रहण क्षमता 101.46 मिलियन घन मीटर है, जिसमें से 61.16 मिलियन घन मीटर जल संग्रहित हो चुका है। यह आंकड़ा साफ तौर पर बताता है कि जिला इस वर्ष सूखे के संकट से काफी हद तक सुरक्षित रहेगा। जलाशयों में यह स्तर आने वाले समय में सिंचाई के साथ-साथ पेयजल और भू-जल रिचार्ज के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान इसे राहत के संकेत के रूप में देख रहे हैं।

---

कांग्रेस का हल्लाबोल, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# पटना-सोनहत विद्युत कार्यालय का घेराव



पटना में विरोध करते कांग्रेसी।



सोनहत में विरोध करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य में बिजली दरों में हुई बेतहाशा वृद्धि, अघोषित कटौती और उपभोक्ताओं पर महंगे बिजली बिलों के बोझ के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय बिजली न्याय आंदोलन के तहत पटना में विद्युत कार्यालय एवं सोनहत के ग्राम पंचायत सलगांवकला विद्युत कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

पटना एवं सोनहत में ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित इस प्रदर्शन में काफी संख्या में कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में की गई लगातार बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि भाजपा की साय सरकार ने पिछले डेढ़ साल में चौथी बार बिजली दरों में वृद्धि कर आम जनता, किसानों और व्यवसायियों पर आर्थिक बोझ डाला है, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट। गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट। कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। वक्ताओं ने कहा कि जब प्रदेश में कोयला, पानी और जमीन हमारी है, तो जनता को महंगी बिजली क्यों दी जा रही है, साथ ही स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर के नाम पर आम जनता को लूटा जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में दोनों स्थानों पर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया और स्पष्ट रूप से कहा गया कि यदि बिजली दर वृद्धि वापस नहीं ली गई, तो कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में और उग्र आंदोलन करेगी।

इस दौरान पर उपस्थित जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, सुरेश सिंह, गणेश राजवाड़े, बिहारी राजवाड़े, आशीष यादव, अनिल जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र यादव, काजू सिंह, अविनाश पाठक, राजू साहू, वसीम खान, ललिता सिंह, रामाधार टोप्पो, गणेश जायसवाल, राकेश जायसवाल, अंकित गुप्ता, संतोष गोयन, राहुल, विजय चक्रधारी, अनिल सिंह सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### बिजली दर वृद्धि और स्मार्ट मीटर अनियमितता

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पंचायत खोंगापानी के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता विवेक चतुर्वेदी ने बयान जारी कर बिजली दरों में की जा रही लगातार वृद्धि और स्मार्ट मीटर प्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं पर हर महीने 10 से 50 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि थोप दी गई है, जिससे गरीब, मध्यमवर्गीय और आम उपभोक्ता आर्थिक रूप से बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर के नाम पर बिलिंग में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे आमजन में असंतोष और अविश्वास तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई उपभोक्ता हितैषी राहत योजनाओं को वर्तमान सरकार ने या तो बंद कर दिया है या पूरी तरह नजर अंदाज कर दिया है। अब आम जनता की आवाज को



अनसुना नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने बिजली से जुड़े हर अन्याय और शोषण के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। जन-जन की भागीदारी से यह लड़ाई लड़ी जाएगी। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि आने वाले दिनों में कांग्रेस कार्यकर्ता ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक प्रदर्शन करेंगे और जनता की आवाज को विधानसभा तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस मुद्दे पर आमजन से संवेदनशीलता और जागरूकता के साथ एकजुट होने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक जनता को न्याय नहीं मिल जाता कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी।

---

# 33 दुकानदारों पर कार्रवाई 6100 रुपए जुर्माना



कार्रवाई करती टीम।

■ तंबाकू बिक्री पर कोरिया प्रशासन ने बरती सख्ती

**बैकुंठपुर।** जिले में तंबाकू उत्पादों की बिक्री और उपयोग को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4/6 के तहत 33 दुकानों पर 6100 रूपए जुर्माना लगाया। यह कार्रवाई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में की गई।

टीम ने बैकुंठपुर ब्लॉक के जमगहना, महोरा, डकईपारा, करजी, गिरजापुर, टेंगनी व पण्डोपारा में पान ठेलों, किराना दुकानों और होटलों की जांच की। कई दुकानों में नाबालिगों को तंबाकू बेचे जाने और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान के मामले सामने आए। जांच के दौरान दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वे अपने प्रतिष्ठानों में धूम्रपान निषेध क्षेत्र एवं 18 वर्ष से कम आयु वालों को तंबाकू न बेचने संबंधी बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाएं। इधर प्राथमिक शाला इमलीपारा में धूम्रपान निषेध बोर्ड नहीं पाए जाने पर विद्यालय प्रबंधन को भी चेतावनी दी गई और बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मध्यान्ह भोजन में प्रयुक्त खाद्य सामग्री की मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब से जांच की गई। होटलों व दुकानों में खाद्य सामग्री की सफाई, गुणवत्ता एवं एक्सपायरी तिथि की भी जांच की गई। दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य वस्तुओं को नमी से बचाने के निर्देश दिए गए।

---

# घर की चौखट से निकल गीता बनीं मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ सेंट्रिंग प्लेट व्यवसाय से सालाना 4 लाख की आय

जहां चाह वहां राह, इस कहावत को साकार कर दिखाया है ग्राम सुरमी की श्रीमती गीता खलखो ने। कभी एक सामान्य आदिवासी किसान परिवार की गृहिणी रही गीता दीदी ने अब अपनी मेहनत, लगन और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की मदद से खुद को एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित कर लिया है।




उद्यमी गीता प्रमाण पत्र लेते हुए।

गीता खलखो का परिवार पहले कृषि पर आश्रित था। मात्र साढ़े चार एकड़ जमीन में धान की खेती से सालाना 10 से 20 हजार की आमदनी होती थी, जो बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी जरूरतों के लिए नाकाफी थी। मगर गीता दीदी ने हार नहीं मानी। वर्ष 2019 में उन्होंने अपने गांव सुरमी की महिलाओं के साथ दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर बचत और ⏭ शेष पेज 4 पर

### प्रधानमंत्री आवास योजना बनी वरदान

जिले में तेजी से चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब उनकी सेंट्रिंग प्लेटों की भारी मांग है। गीता दीदी की सभी प्लेटें अमरपुर और आसपास के गांवों में निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही हैं, इससे न केवल उन्हें आर्थिक लाभ हो रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण को भी गति मिली है।

---

# सड़कों से झुके पेड़ हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ गाजर घास व मच्छर-कीटनाशक दवाओं का छिड़काव शुरू

शुक्रवार को चरचा शहर के मुख्य मार्गों पर हुई भारी बारिश के कारण कई जगहों पर पेड़ झुक गए और सड़कों पर गाजर घास उग आई, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस स्थिति को देखते हुए नगर पालिका द्वारा तत्काल युद्ध स्तर पर राहत व स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पालिका की टीम ने सड़क किनारे झुके पेड़ों की डगाली छांटने का कार्य तत्परता से किया, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका को रोका जा सके। साथ ही सड़कों व नालियों में उगे गाजर घास को हटाने का अभियान भी चलाया गया। बारिश के बाद मच्छरों और कीटों के प्रकोप को देखते हुए नगर पालिका द्वारा मच्छरनाशी व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी किया गया। यह कार्य वार्डवार किया जा रहा है ताकि डेंगू, मलेरिया ⏭ शेष पेज 4 पर



---

हफ्तों से नहीं खुला, मटमैला पानी पीने लोग मजबूर

# जर्जर हाल में कोरिया नीर: शटर खराब, सुध लेने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

नगर पालिक निगम चिरमिरी की लापरवाही के चलते कोरिया कॉलरी का एकमात्र वाटर एटीएम पिछले एक सप्ताह से बंद पड़ा है। एटीएम का शटर ऊपर से टूट चुका है और उसकी मरम्मत की कोई सुध लेने वाला नहीं है।

केयर टेकर द्वारा निगम प्रशासन को जानकारी देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। गौरतलब है कि यह वाटर एटीएम डीएमएफ (जिला खनिज निधि) की राशि से स्थापित किया गया था ,ताकि क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके, परंतु निगम की अनदेखी और सुस्त रवैए के कारण आज लोग गंदा और मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं। वर्तमान में पीएचई विभाग द्वारा सप्लाई किया जा रहा पानी पूरी तरह से गंदा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। बरसात के मौसम में संक्रमण और बीमारियों का खतरा पहले से ही अधिक होता है, ऐसे में लोगों को साफ पानी न मिलना और भी गंभीर स्थिति को जन्म दे रहा है।



बंद कोरिया नीर।

### कहीं टंकी फटी, कहीं पाइप टूटा

कोरिया कॉलरी ही नहीं, बल्कि पूरे चिरमिरी नगर पालिक क्षेत्र के वाटर एटीएम खस्ताहाल में हैं। कहीं टंकी फटी पड़ी है, तो कहीं पाइपलाइन गायब है और जहां मशीनें चालू हैं, वहां पानी की आपूर्ति नहीं हो रही, ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि नगर निगम प्रशासन नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया करवाने में पूरी तरह विफल रहा है।

### जनप्रतिनिधियों ने जताई चिंता

वार्ड क्रमांक 06 के पार्षद संदीप सोनवानी ने बताया कि सटर खराब होने की जानकारी निगम प्रशासन और एमआईसी प्रभारी दोनों को दी जा चुकी है, लेकिन सुस्त रवैए के चलते अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं नगर निगम चिरमिरी के सब इंजीनियर विक्टर वर्मा ने कहा कि जानकारी है, कैसे भी करके ठीक करवाता हूं। निगम की हालत तो आप जानते ही हैं।

---

# जनकपुर-मनेन्द्रगढ़ मुख्य मार्ग पर जान जोखिम में

**मनेन्द्रगढ़।** जनकपुर से मनेन्द्रगढ़ तक का मुख्य जिला मार्ग अब लोगों की जान का खतरा बन चुका है। सड़क की बदहाली और जगह की कमी के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। अब स्थानीय व्यापारी, सामाजिक संगठन और आम नागरिक इस पर सीधा जन दबाव बनाने की तैयारी में हैं। जनता की पीड़ा अब सड़कों पर उतरने को तैयार है।

जनकपुर के शिव कुमार पाठक का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन अब जब सड़क की हालत बदतर है, तो कोई सुध लेने नहीं आता। अगर यही हाल रहा तो जनता आंदोलन करेगी। मनेन्द्रगढ़ के व्यापारी सतीश तिवारी ने कहा यह मार्ग केवल आवागमन का साधन नहीं है, यह जनजीवन की धुरी है। रोज हजारों लोग इसी मार्ग पर निर्भर हैं। सड़क की मरम्मत और किनारो की मजबूती अब प्राथमिक आवश्यकता है, विलंब हुआ तो हम जनहित याचिका दाखिल करेंगे। जनकपुर-मनेन्द्रगढ़ मार्ग की बदहाली से स्थानीय व्यापार पर भी असर पड़ा है।

व्यापारी संघ के संतोष अग्रवाल ने कहा कि माल की ढुलाई में देरी गाड़ियों के फंसने से व्यापार पर सीधा असर हुआ है। बार-बार गाड़ियों का टूटना, डीजल खर्च और मरम्मत में नुकसान हो रहा है। विभाग को गंभीरता से लेना होगा। जनकपुर और केल्हारी के बीच कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भी बैठक की है। प्रस्ताव पारित हुआ है कि यदि 15 दिन में सड़क सुधार कार्य शुरू नहीं होता, तो ग्रामीण मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करेंगे।

## खबर संक्षेप

### मगरीहा नाला में तेज बहाव में बही बच्ची का दूसरे दिन भी नहीं लगा पता

**बिश्रामपुर।** मगरीहा नाला पार करने के दौरान मां के हाथों से तेज बहाव पानी में बही तीन महीने की मासूम का आज गुरूवार को दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। डीडीआरएफ टीम का रेस्क्यू ऑपरेशन आज दूसरे दिन भी जारी रहा।गौरतलब है कि ग्राम गेतरा निवासी सरिता अपने तीन माह की नन्हीं बच्ची को गोद में लिए मगरीहा नाला बुधवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पार कर रही थी, तभी मगरीहा नाला की उफनती लहरों में महिला के हाथ से तीन महीने की मासूम बच्ची अचानक छिटककर गिर गई, और तेज बहाव में बह गई। सूचना मिलते ही डीडीआरएफ सुरजपुर की टीम मौके पर पहुंच रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।इसके बाद आज दूसरे दिन गुरुवार को पुनः डीडीआरएफ सुरजपुर की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिल सकी है।मासूम बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल पाने से गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 23 को

अम्बिकापुर। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 23 जुलाई को दोपहर 4 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अधिकतम तीन समस्याएं, एजेंडा बिंदु, जिनका निराकरण समिति स्तर पर किया जाना है 22 जुलाई को अपरान्ह 2 बजे तक अनिवार्य रूप से इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 31 तक

अम्बिकापुर। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि भारतीय वायु सेना अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर वायु भर्ती वर्ष 2026 हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। अग्निवीर वायु भर्ती हेतु अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला जिनका जन्म 2 जुलाई 2005 से 2 जनवरी 2009 के बीच (दोनों तिथियां सम्मिलित) आवेदन कर सकते हैं। आवेदक ऑनलाईन पोर्टल साइट पर 31 जुलाई को रात 11 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

### वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** बकना खुर्द निवासी सुनील दास आ. कलेश्वर दास (24 वर्ष) मंगलवार को ग्राम बरियों में सेट्रिंग लगाने के पश्चात बाइक से घर जा रहा था। जैसे की बाइक सवार ग्राम ककना के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक को बरियों अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कार्यालय के बाहर खड़ी बाइक चोरी, अपराध दर्ज

सीतापुर। शासकीय कार्यालय के बाहर खड़ी कर्मचारी की बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। चोर बाइक का लॉक तोड़कर हेलमेट समेत खड़ी बाइक ले उड़े। कर्मचारी ने बाइक चोरी की शिकायत पुलिस से की है। बतया जा रहा है कि सेल्बेस्टर मिंज जनपद पंचायत में करारोपण अधिकारी के पद पर कार्यरत है। सेलबेस्टर मिंज हमेशा की तरह अपनी स्प्लेंडर बाइक क्रमांक सीजी 14 एमएन 0967 को कार्यालय के बाहर खड़ी कर ड्यूटी कर रहे थे। ड्यूटी पूरी करने के बाद जब बाहर आए तो उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने कार्यालय के चारो तरफ अपनी बाइक तलाशी पर नही मिला। चोर ने लॉक तोड़कर परिसर से उनकी बाइक पार कर दिया था। बाइक के साथ रखा हुआ हेलमेट भी चोर अपने साथ ले गए। इस मामले की शिकायत थाने में की गई है जिसपर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया गया है। बड़ी बात यह है कि चोर अब सुनियोजित तरीके से भीड़भाड़ वाले इलाके को अपना निशाना बनाते है। खासकर तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, हॉस्पिटल बैंक समेत अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चोरियां हो रही है।

### ठाकुरपुर सड़क का डामरीकरण कराने सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** युकां अध्यक्ष विक्की समद्दार ने चठिरमा एफसीआई गोदाम प्रबंधक को ज्ञापन सौंप भारी वाहनों के आवागमन से जर्जर हो चुकी रेलवे साइडिंग से अजिरमा बैरियर तक सड़क का तत्काल डामरीकरण कराने की मांग की है। युकां अध्यक्ष ने बताया कि ग्राम चठिरमा स्थित एफसीआई गोदाम से रेलवे साइडिंग तक हर दिन बड़ी संख्या में ट्रकों द्वारा चावल का परिवहन किया जाता है। भारी वाहनों के आवागमन से अजिरमा बैरियर से ग्राम ठाकुरपुर का मार्ग जर्जर हो गया है। मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे बनने के कारण ट्रकों के फंसने से आए दिन जाम लग रहा है। इसी मार्ग से ग्राम ठाकुरपुर, आमगांव, विशुनपुर खुर्द एवं अजिरमा के ग्रामीण आवागमन करते हैं तथा जाम लगने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। चावल परिवहन के कारण सड़क की ऐसी हालत हुई है इसलिए एफसीआई एवं रेलवे की जिम्मेदारी है कि वह जर्जर सड़क का तत्काल डामरीकरण कराए।

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस करेगी धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम

**सूरजपुर।** देश कांग्रेस महासचिव सैय्यद आमिल एवं कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने प्रभावित क्षेत्र वासियों के साथ एसडीएम को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 21 जुलाई को सूरजपुर के महगवां रिंग रोड में विशाल धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। सौंपे ज्ञापन में बताया कि वर्तमान परिदृश्य में शहर में भारी एवं मालवाहक वाहन हाईवा, ट्रक एवं प्रकाश इंडस्ट्रीज के वाहनों के महगंवा चौक वार्ड नंबर 2 से गुजरने एवं तेज वाहन चालक से निरंतर दुर्घटना कारित हो रही है, जिससे जनहानि के साथ-साथ शहर की सड़कों की स्थिति भी खराब हो रही है। इस संबंध में पूर्व में कई बार आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है परंतु आज तक उचित कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा महगंवा रिंग रोड में 21 जुलाई को धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया जाएगा।

---

बुधवार की शाम जंगल से बरामद हुआ शव

# जंगल में रह रहे ग्रामीण को हाथियों ने कुचलकर मार डाला



घटना स्थल पर ग्रामीण का शव।



मृतक के परिजन को साहायता राशि देते विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत जजावल जंगल में हाथियों ने ग्रामीण की कुचल कर जान ले ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन अमले ने बुधवार की रात जंगल से मृतक का शव बरामद किया। शव में सड़न होने के कारण दुर्गंध आ रही थी। वन अधिकारी ग्रामीण की मौत दो-तीन दिन पूर्व होने का अनुमान लगा रहे हैं।

**खास बातें**
- वन अधिकारी बता रहे 2-3 दिन पूर्व की घटना
- 10 वर्षों से ग्रामीण रह रहा जंगल के बीच

क्षेत्र में हाथियों की तबाही थमने का नाम नहीं ले रही है। बरसात शुरू होने के बाद हाथियों का उत्पात बढ़ गया है। हाथी कभी आबादी क्षेत्र में पहुंचकर भूख मिटाने के लिए घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं तो कभी फसलों को रौंद रहे हैं। वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत जजावल बीट के जंगल में ग्राम परमेश्वरपुर घूमडांडपारा निवासी रामदेव आ.भगना कोड़ाकू एक दशक पूर्व से झोपड़ी बनाकर अकेले रह रहा था। वह बीच-बीच में राशन लेने के लिए अपने घर आता था तथा राशन लेकर वापस जंगल अपनी झोपड़ी में चला जाता था। राशन के लिए कभी एक सप्ताह बाद तो कभी एक महीने बाद घर पहुंचता था। झोपड़ी में रहकर पूजा-पाठ करने के कारण वनकर्मियों ने भी कभी उसे परेशान नहीं किया। रामदेव द्वारा जंगल में कोई अवैध गतिविधि संचालित करने की भी शिकायत अब तक विभाग को नहीं मिली थी। रामदेव वनकर्मियों को अवैध कटाई सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी देता था जिसके कारण वनकर्मी उसे अपना सहयोगी मानते थे। बताया जा रहा है शनिवार को ही रामदेव अपने घर से राशन लेकर जंगल गया था। बुधवार को कुछ ग्रामीण जजावल जंगल में पुटू, खुखड़ी बीनने गए थे। दुर्गंध आने पर ग्रामीण पास पहुंचे तो रामदेव का शव पड़ा था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन कर्मियों को दी तो वनकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे तथा गादी पहाड़ी के निकट से मृतक का शव बरामद किया। देर शाम शव बरामद होने के कारण बुधवार को मृतक का पीएम नहीं हो सका। गुरूवार को पीएम उपरांत वन अधिकारियों ने परिजन को मृतक का शव सौंपा साथ ही 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान किया।

**तीन दिन पूर्व की घटना**

हाथियों के हमले में रामदेव की मौत कब हुई इस संबंध में वन अधिकारियों को कोई साक्ष्य नहीं मिला है। शव में हो रही सड़न एवं दुर्गंध को देखते हुए वन अधिकारी दो-तीन दिन पूर्व हाथियों से रामदेव का सामना होने एवं हमले में उसकी मौत होने का अनुमान लगा रहे हैं। वन अधिकारी पीएम रिपोर्ट से इसका खुलासा होने की बात कह रहे हैं। घटना से यह भी स्पष्ट है कि दुर्घटना होने के बाद वनकर्मियों ने जजावल जंगल का भ्रमण नहीं किया है। वनकर्मी जंगल जाते तो घटना की जानकारी समय पर मिल जाती। इधर वनकर्मी पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश होने के कारण जंगल नहीं जाने की बात कह रहे हैं। क्षेत्रवासी परिक्षेत्राधिकारी के मुख्यालय में नहीं रहने को भी इसकी वजह बता रहे हैं।

**क्षेत्र में 10 हाथी**

वन अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में पिछले 9 दिनों से 10 हाथियों का दल अलग-अलग क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। पांच हाथी तमोर पिंगला अभ्यारण्य से पहुंचे हैं जबकि 5 हाथी बलरामपुर जंगल से। हालांकि हाथियों का दल अभी तक जंगल से बाहर नहीं निकला है न ही किसी आबादी क्षेत्र में पहुंचा है। वन अधिकारी हाथी प्रभावित गांवों में लगातार मुनादी कराने का दावा कर रहे हैं। अनुमान लगाया जा रहा है रामदेव अकेले पहाड़ी के आसपास घूम रहा होगा तथा हाथियों से सामना हुआ होगा।

**गणेशपुर में चार हाथी**

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत गणेशपुर जंगल में पिछले एक सप्ताह से चार हाथियों का दल भ्रमण कर रहा है। हाथी पूरे दिन जंगल में आराम कर रहे हैं तथा शाम ढलते ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जा रहे हैं। वर्षा होने के कारण घटना की जानकारी विलम्ब से मिली। मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।
आशुतोष भगत
उप वनमंडलाधिकारी, प्रतापपुर

### सड़क किनारे गिरे डंगाल से टकराया ट्रैक्टर, युवक की मौके पर मौत

**रामानुजगंज।** देवगई मोड़ के समीप राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर सड़क किनारे पेड़ काटकर रखे गए डंगाल से ट्रैक्टर टकराकर सड़क के किनारे खेत में पलट गई। ट्रैक्टर के नीचे दबने से गंभीर हुए एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरे युवक का उपचार जारी है।



जानकारी के अनुसार तामेश्वरनगर हवाई पट्टी समीप निवासी तिरु माझी आ. दशरथ (19 वर्ष) आज सुबह दोस्त पिंटू (20 वर्ष) के साथ बलरामपुर अपने ट्रैक्टर में केजबिल पुराना लगवा कर वापस गांव लौट रहे थे। सुबह 9 बजे के करीब राष्ट्रीय राज्य मार्ग के किनारे पेड़ों को काटकर रखे डंगाल से ट्रैक्टर टकरा गई जिससे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क किनारे खेत में पलट गया जिससे दोनो ट्रैक्टर के नीच दब गए। घटना को देख स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल बाहर निकाल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल तिरु की स्थिति काफी गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर दूसरे अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई वहीं दूसरे की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

### युवक ने अज्ञात कारण से लगाई फांसी, मौत

पिता के घर बाहर जाने के बाद युवक ने अज्ञात कारण से फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नवाडीह निवासी अंकेश गुप्ता आ. मुरली गुप्ता (19 वर्ष) जो रामानुजगंज कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। अंकेश की मां अपना इलाज कराने डाल्टनगंज गई थी। पिता के साथ वह घर में था। सुबह पिता भोजन बनाने की बात कहकर खेत की ओर चला गया। कुछ समय बाद घर लौटा तो पुत्र को घर में न देख खोजबीन करने लगा। पिता ने जब उसके मोबाइल पर फोन लगाया तो पता चला कि मोबाइल पास में ही था। पिता पुत्र को खोजते हुए छत गया गया तो उसके होश उड़ गए। पुत्र फांसी में मृत हालत में लटका था। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मृत या अस्तित्वहीन व्यक्ति के नाम पर निकाल रहे मजदूरी की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़वार में मनरेगा योजना अंतर्गत भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां जॉब कार्ड क्रमांक 166 में ऐसे व्यक्ति का नाम जोड़कर मजदूरी की राशि आहरित की जाती रही थी, जिसका ग्राम में कोई अस्तित्व ही नहीं है। ग्राम बड़वार निवासी फजील मोहम्मद ने कलेक्टर एवं एसडीएम से शिकायत कर मामले में जांच करने तथा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

फजील मोहम्मद ने शिकायत में बताया है कि राम सुदन नाम से हाजिरी भरकर, खाता नंबर जोड़कर और हस्ताक्षर दर्शाकर वर्षों तक फर्जी भुगतान लिया जाता रहा। इस संबंध में कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मामले की पांच प्रमाणित प्रतियां संलग्न करते हुए कलेक्टर और एसडीएम प्रतापपुर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। खेत में काम करने तथा सोते समय सांप के काटने से गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। एक की निजी तो दूसरे की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम बांसाझाल निवासी प्रदीप कुजूर आ. विजय कुजूर (28 वर्ष) 15 जुलाई की दोपहर अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह दूसरी घटना में सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सोनपुर निवासी आत्माराम सोनवानी आ. छोटेलाल सोनवानी (32 वर्ष) बीती रात अपने तीन बच्चों के साथ खाट पर सो रहा था। इसी दौरान आज तड़के सांप ने उसे काट लिया। परिजन युवक को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## हाईवा- ट्रेलर की भिड़ंत में मवेशी की मौत, वाहन में फंसा चालक

**अम्बिकापुर।** बीती रात एनएच 130 पर ग्राम सोनतरई के पास हाइवा एवं टैंकर के बीच हुई भिड़ंत में एक गाय की मौत हो गई। भीषण दुर्घटना में हाइवा चालक वाहन में फंस गया था।

काफी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला गया तथा गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। टैंकर चालक व दोनों वाहन के क्लीनर सुरक्षित है। बताया जा रहा है कि बीती रात टैंकर क्रमांक सीजी 15 डीबी 1187 कोरबा की ओर से अम्बिकापुर की ओर जा रहा था वहीं हाइवा क्रमांक सीजी 15 एक्स 3677 का चालक कोयला अनलोड कर अदानी खदान जा रहा था। दोनो वाहन तेज रफ्तार से गुजर रहे थे। इस दौरान रात्रि 9 बजे एक गाय सामने आ गई तथा दोनों वाहनों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर में गाय पूरी तरह से दब गई तथा घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी हाईवा का इंजन दूसरी ओर मुड़ गया था। मुख्य मार्गों पर वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार एवं आवारा मवेशियों का जमावड़ा दुर्घटनाओं का कारण बताया जा रहा है।

नवप्रवेशी बच्चों को कापी पुस्तक व बैग प्रदान कर कराया गया शाला प्रवेश

## कुदरगढ़ में खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**सूरजपुर।** विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव सिंह के नेतृत्व में कुदरगढ़ में खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना व अतिथि स्वागत के साथ किया गया,कार्यक्रम में कक्षा पहली , 6 वीं व 9 वीं के नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाने एवं मीठा खिला कर स्वागत किया।

साथ ही कापी पुस्तक व बैग प्रदान कर प्रतीकात्मक प्रवेश दिलाया गया। नेत्र से दिव्यांग छात्र बलजीत देवांगन ने मधुर स्वर में भजन गाकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया तथा अन्य बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि तथा



बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की बात कही। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करने की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य बाबूलाल मरापो ने वनांचल क्षेत्र के बच्चों के प्रतिभाओं की पहचान व उन्हें आगे लेकर जाने की बात कही तथा प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को इलेक्ट्रिक स्कूटी का पुरस्कार की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य कुसुम सिंह ने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की व्यवस्था के साथ बच्चों में संस्कार व सह संज्ञानात्मक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रयास करने पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि सुधा देवी तिवारी,लवकेश पैकरा, गौरी सिंह, सत्यनारायण सिंह, सत्यनारायण पैकरा, भुवन भास्कर प्रताप सिंह, राजेश तिवारी,जग प्रसाद मण्डल, आशीष प्रताप सिंह, रघुवंश सोनी, कोदम सिंह, ग़ौरी सिंह, विनीता यादव, अवध पाठक, प्रदीप द्विवेदी, अशोक गुप्ता, शिवप्रसाद सिंह, संतोष सिंह, नरेश जायसवाल, दुर्गा गुप्ता, शंकर दुबे, राजेश सिंह, रामसुभग कुर्रे, शिवकुमार राजवाड़े, नेहा तिवारी, जगदेव यादव, पुनित पाठक, बीपी जायसवाल, लालमन, सोहन कुर्रे, प्रियांशु यादव, बृजेश काशी, उमाशंकर, विनोद सहित अन्य उपस्थित थे।



## स्वच्छता में मिला बिश्रामपुर को अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर ने देशभर में अपनी अलग पहचान बनाते हुए स्वच्छता लीग प्रेसीडेंट्स अवॉर्ड हासिल किया है।यह सम्मान स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आयोजित सुपर स्वच्छता लीग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया,जो 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में आता है, गौरतलब है कि दिल्ली में 17 जुलाई को आयोजित समारोह में जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं केंद्रीय आवास शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर,केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के हाथों बिश्रामपुर के नाम की घोषणा कर सम्मान प्रदान किया, तो वहां उपस्थित प्रतिनिधियों के चेहरे गर्व से खिल उठे।यह पल न केवल बिश्रामपुर के लिए, बल्कि पूरे सूरजपुर जिले के लिए गौरव का क्षण रहा। ज्ञात हो कि नगर पंचायत बिश्रामपुर ने इस मंच पर छोटे नगरों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।इसकी पृष्ठभूमि में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त अभियान, डिजिटल निगरानी प्रणाली, और सबसे अहम नागरिक सहभागिता जैसे प्रयासों की बड़ी भूमिका रही है।मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि हमारी टीम ने हर स्तर पर तकनीकी,जनसहभागिता और सफाई के मानकों को लागू किया, हम बायो-वेस्ट को भी रिसाईकल कर रहे हैं, जिससे पर्यावरणीय असर भी घटा है।सम्मान कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव,नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव,सीएमओ सुशील कुमार तिवारी,नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान,उपयंत्री गौरव कुमार अग्रवाल,पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव,पार्षद रविशंकर बउवा, रामजीत यादव उपस्थित थे।छत्तीसगढ़ से बिश्रामपुर समेत 7 नगरीय निकायों को इस साल स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान मिली है।




## प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाई साइलेंसर की बिक्री पर रोक लगाने पहल

**अंबिकापुर।** अमानक साइलेंसर और प्रेशर हार्न सहित अन्य सामग्री लगातार शहर में उत्पात मचाने वाले बाइकर्स और कार चालकों पर कार्रवाई के बाद अब पुलिस ने ऑटो पार्ट्स संचालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर गुरुवार को यातायात प्रभारी विजय केवर्त ने ऑटो पार्ट्स दुकान संचालकों की बैठक ली।

- ऑटो पार्ट्स दुकान संचालकों की ली गई बैठक

इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि बाइक में हेडलाईट के अलावा साईड साईड में रंग बिरंगे फैंसी लाइट, फौग लाइट लगाया जा रहा है जिससे सामने से आने वाले वाहन चालक को वाहन चलाने के दौरान ध्यान भटकता है और सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। मॉडिफाई साइलेंसर एवं प्रेशर हार्न के उपयोग से तेज आवाज के कारण बगल से चलने वाला वाहन चालक अचानक तेज आवाज से हडबडा जाता है जिससे उस वाहन चालक के अनियंत्रित होकर गिरने की संभावना बनी रहती है और सड़क दुर्घटना घटित होती है ऐसी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ऐसी सामग्रियों का विक्रय नहीं किया जाए। वहीं चार पहिया वाहनों में काली फिल्म का उपयोग, पुलिस सायरन, मोनो लाइट की बिक्री नहीं की जाए। व्यापारियों ने अमानक सामग्री विक्रय नहीं करने अपनी सहमति जताई है।

### टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नवपदस्थ संयुक्त संचालक डीईओ से की सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रांतीय उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह की अगुवाई में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नवपदस्थ सहायक संचालक शिक्षा संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश झा से सौजन्य मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। संजय गुप्ता ने संघ के पदाधिकारियों से परिचय कर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। तथा कहा कि हम सभी एक परिवार की तरह है और किसी भी समस्या का समाधान आपस में मिलजुलकर करेंगे। शासन के निर्देशों का पालन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। डीईओ श्री झा ने संघ को आश्वस्त किया कि कोई भी कार्य लंबित नहीं रहेगा। शिक्षकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निराकरण किया जाएगा। जिले में बेहतर शैक्षिक वातावरण हेतु टीम भावना से मिलकर कार्य करेंगे। प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी हरेंद्र सिंह, प्रांतीय पदाधिकारी भरत सिंह, जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह, अजय श्रीवास्तव, अरविंद सिंह, काजेश घोष, रामबिहारी गुप्ता, नाजिम खान, प्रशांत चतुर्वेदी, रणबीर सिंह चौहान, जवाहर खलखो, लखन राजवाड़े सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### पीएम आवास में दर्जनों हितग्राहियों के राशि का गबन का आरोप, जनपद सदस्य से सौंपा ज्ञापन

रामानुजगंज। विकासखंड रामचंद्रपुर के दूरस्थ ग्राम डूमरपान में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में दर्जनों हितग्राहियों के राशि के गबन का गंभीर आरोप क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं खाद विभाग के सभापति रामेश्वर यादव ने लगाते हुए मुख्य कार्यपाल अधिकारी को ज्ञापन सौपा। साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। श्री यादव ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत हितग्राही रामाधार आ. धनुकी, सत्यदेव आ. जीत सिंह, सोनेलाल आ. रूपसाय, मानिकचंद आ.नारायण, मणिलाल आ. नारायण, अवध बिहारी यादव आ. सोमारू, शिव भजन आ. रामदास, जमुना आ. विश्वनाथ का आवास स्वीकृत हुआ था।

## खबर संक्षेप

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बीते 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड़ बैकुंठपुर के जनपद पंचायत सभाकक्ष एवं विकासखंड सोनहत के सामुदायिक भवन में रैली एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को जनसंख्या नियंत्रण एवं बालिकाओं के जन्म उनका संरक्षण एवं सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही अन्य विभागीय योजनाएं जैसे- महिला सशक्तिकरण, सखी वन स्टाप सेंटर, महिला हेल्पलाईन 181, चाईल्ड लाइन 1098, घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, महतारी वंदन योजना, मातृत्व वदंन योजना, शक्ति सदन, बाल विवाह प्रतिषेध के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, थाना प्रभारी बैकुंठपुर, जिला मिशन समन्वयक तथा जेंडर विशेषज्ञ द्वारा जानकारी दिया गया।

### जिले में अब तक 477.2 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में मानसून सक्रिय है और लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरों पर राहत की मुस्कान देखने को मिल रही है। भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ताजा ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 14.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 17 जुलाई तक जिले में कुल औसत 477.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है, जो खरीफ फसलों की बोआई और उनकी प्रारंभिक बढ़वार के लिए अनुकूल मानी जा रही है। तहसीलवार ऑकड़ों में कोटाडोल 636.6 मिमी वर्षा के साथ पहले स्थान पर है। भरतपुर में 596.5 मिमी, चिरमिरी में 442.7 मिमी, खड़गवां में 408.9 मिमी, केल्हारी में 395.7 मिमी और मनेन्द्रगढ़ में 383.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### सदस्यता ही श्रम संगठन की जान

**अनूपपुर।** बिजुरी कालरी के एसईकेएमसी इंटक शाखा ने बिजुरी नगर के प्रतिष्ठ विश्वास मैरिज लॉन में बिजुरी कालरी के कामगारों में स्वतंत्र संवाद परंपरा बनाए रखने के दृष्टिगत श्रम सम्मेलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता इंटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रताप सिंह इंटक, हसदेव क्षेत्र ने किया। इस कार्यक्रम में बिजुरी कालरी से सेवानिवृत हुए वरिष्ठ इंटक नेता तिलकराम विश्वकर्मा का इंटक के द्वारा विदाई स्वरूप साल श्रीफल सहित माला पहना कर इंटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रताप सिंह ,महामंत्री जेपी श्रीवास्तव, विक्रमा सिंह क्षेत्रीय कल्यााण समिति सदस्य, इंटक, हसदेव क्षेत्र, प्रदीप सिंह क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य, इंटक, हसदेव क्षेत्र आदि ने सम्मानित किया। वहीं बीएमएस से छोड़ कर कमला प्रसाद श्रमिक नेता ने इंटक का दामन थाम लिया। जिसे क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने पूष्पमाला से इंटक में स्वागतम किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि हम सभी शाखा से जुड़े साथियों का असली पहचान वहां कि सदस्यता ही है। इसलिए सभी से अपील है कि सदस्यता अभियान में जुड़कर इंटक की सदस्यता बढ़ाए।

### लापरवाही पर कलेक्टर ने जताई सख्त नाराजगी

# आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कंचनपुर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र और कसरा उपस्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी द्वारा निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों की संख्या और उपस्थिति रजिस्टर का परीक्षण किया गया, जिसमें 12 बच्चे अनुपस्थित मिले।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शांति गुप्ता संतोषजनक जवाब नहीं दे सकीं और केन्द्र में अव्यवस्था व साफ-सफाई की कमी भी पाई गई। इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के नवपदस्थ जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावटे को कार्रवाई के निर्देश दिए, इसके बाद कलेक्टर उपस्वास्थ्य केन्द्र कसरा पहुंची, जहां उन्होंने प्रसव कक्ष, वार्ड, शौचालय और अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। प्रसव कक्ष में पानी की अनुपलब्धता और बिखरी वस्तुओं पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और साफ-सफाई, उपकरणों की स्वच्छता तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के सख्त निर्देश दिए। मौके पर मौजूद स्टाफ नर्स और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह को निर्देशित किया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र की समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करती कलेक्टर।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान देवी तालाब रोड पर पौधरोपण

**बिजुरी।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल बिजुरी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 9, देवी तालाब रोड के किनारे वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। यह पहल लोगों को प्रकृति और जीवन के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराने के उद्देश्य से की गई। इसमें धरती मां को जीवन का आधार देने वाली शक्ति के रूप में दर्शाया गया।

इस प्रेरणादायक आयोजन में नगरपालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका और भाजयुमो के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित करना था, यह संदेश देते हुए कि जिस प्रकार हमारी जननी हमें जन्म देती हैं, उसी प्रकार धरती मां हमें जीवन देती हैं। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका के साथ युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, भूपेन्द्र महरा, पूर्व जिलामंत्री पुरूषोत्तम देवानी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चौधरी, मंडल महामंत्री कैलाश कोल, युवा मोर्चा महामंत्री शिव जयसवाल और अभिमन्यु गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय केसरवानी, अंकित जायसवाल, संजय साहू, कोषाध्यक्ष आदेश श्रीवास्तव, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी, राजकुमार पांडे, मनु केवट, राजेश साहू और रवि कुशवाहा सहित भाजपा और युवा मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नियम विरुद्ध दिए जा रहे एनजीओ को शिक्षण कार्य

**मनेन्द्रगढ़।** प्रदेश में एनजीओ के अनुबंध और पंजीयन शिक्षा विभाग द्वारा समाप्त कर दिए गए हैं, तब आखिर एमसीबी में किस अधिकारी की कृपा से नियम विरुद्ध तरीके से एनजीओ को शिक्षण कार्य और ट्रेनिंग का ठेका दिया जा रहा है। मामले को संज्ञान लेते हुए पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि छग शासन ने शिक्षा सत्र 2024-25 के अंत में प्रदेश के सभी जिलों में एनसीईआरटी के साथ एनजीओ का अनुबंध समाप्त कर दिया था। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी कर कहा था कि आगामी सत्र 2025-26 में किसी भी एनजीओ का पंजीयन, नवीनीकरण अथवा अनुबंध नहीं होगा। बीते वर्ष जिन 27 एनजीओ का पंजीयन था, उन्हें भी निरस्त कर दिया गया। विभाग का साफ आदेश है कि शासन के बिना अनुमति के किसी भी एनजीओ से काम कराया जाना नियम विरुद्ध है, इसके विरुद्ध कार्य करने पर जिम्मेदार अधिकारियों व एनजीओ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। नियम को ताक में रखते हुए एमसीबी जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने इन नियमों की खुलकर अवहेलना करते हुए बेंगलुरु के एनजीओ स्टेप अप फॉर इंडिया को शिक्षकों को ट्रेनिंग देने का जिम्मा सौंप दिया है। पूर्व विधायक श्री कमरो ने दो टूक कहा कि ईमानदारी का ढोंग रचकर अनियमितता करने वाले और नियम विरुद्ध काम कर रहे अफसरों को बेनकाब कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### हाईस्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**सीतापुर।** शासकीय हाईस्कूल बेलजोरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराया इसके बाद कक्षा पहली छठवीं एवं कक्षा नवमी के बच्चों को निःशुल्क पुस्तक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा हाईस्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। इस अवसर पर सरपंच शैलेश तिग्गा, एबीईओ महेश सोनी, बीआरसी रमेश सिंह, एसएमडीसी अध्यक्ष फूलवती तिर्की, तेजप्रताप दास, व अन्य मौजूद थे।

# हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने वालों को प्राचार्य ने किया सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय स्कूल पिपरिया के प्राचार्य डॉ.विनोद पांडेय की नेतृत्व स्काउट एवं इको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा जन जागरूकता अभियान व सड़क सुरक्षा के अंतर्गत विद्यालय के छात्र गांधीवादी तरीके से कुर्ता पहनकर तथा छात्राएं टोपी पहनकर हाथों में तख्ती लिए रैली निकाल कर हेलमेट लगाए जान बचाए।

हमारी सुरक्षा करें, अपनी व अपने परिवार को सुरक्षित रखें जैसे नारे लगाते हुए राष्टीय राजमार्ग 43 पहुंचे तथा जो चालक हेलमेट लगाकर गाड़ी चला रहे थे उन्हें पुष्पगुच्छ व पेन देकर प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया व बिना हेलमेट व सीट बेल्ट लगाए गाड़ी चला रहे थे, उन्हें यातायात नियम की जानकारी दी व हेलमेट लगाने का आग्रह किया। शासकीय हाईस्कूल पिपरिया द्वारा लगातार 5 वर्षों से सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखकर व बढ़ती सड़क दुर्घटना को देखते हुए यह कार्यक्रम किया जाता है। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विनोद पांडेय के अलावा उषा किरण सिंह, जरीना परवीन, संगीता तिवारी, अबुल कमर, शर्मिष्ठा दत्ता, कमरुद्दीन अंसारी, कल्पना वर्मा, मेरी कलारा बेक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



सम्मानित करते प्राचार्य।

# बिजली बिल बढ़ोत्तरी को लेकर उप कनिष्ठ अभियंता कार्यालय का घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अघिना

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सलका के तत्वाधान में आज बढ़ती बिजली की कीमतों के खिलाफ एवं ग्राम सलका अघिना क्षेत्र के बिजली आपूर्ति संचालन में लापरवाही को लेकर उप कनिष्ठ अभियंता कार्यालय सलका अघिना का घेराव किया गया।

पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने बताया कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार ने बिजली बढ़ोतरी की है तब से प्रदेश की जनता काफी परेशानी है। हाल ही में बिजली दर में 10 से 20 पैसा प्रति यूनिट गैर बढ़ोतरी बिजली दर पर 25 पैसा प्रति यूनिट साथ ही कृषक की खेती किसानी में खपत होने वाली बिजली दर में 50 पैसा प्रति यूनिट के दर से बिजली दर में की गई बढ़ोतरी को लेकर आज धरना प्रदर्शन किया। बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेना चाहिए यह जनहित के लिए जरूरी है। इस दौरान एसडीएम भैयाथान के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान तहसीलदार भटगांव, भैयाथान शिवनारायण राठिया और कनिष्ठ अभियंता भटगांव संजय पटेल मौजूद थे। विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए सलका सब स्टेशन में लाइनमैन की नियुक्ति जल्द करने की मांग की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सलका अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप राजवाड़े, जनपद भैयाथान अध्यक्ष सुलोचनी पैकरा, सूरज गुप्ता, राजेंद्र प्रताप सिंह, गोविंदा राजवाड़े आदि शामिल रहे।

# छात्रावासों में जीव-जंतुओं से बचाव के निर्देश

**बैकुण्ठपुर।** जिले के समस्त छात्रावासों और आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर आदिवासी विकास विभाग ने गंभीरता दिखाई है। हाल ही में बलरामपुर जिले के एक आश्रम में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा सभी अधीक्षकों को सतर्कता बरतने और छात्रावासों में आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

अपर कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरिया द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मानसून के दौरान सांप, बिच्छू व अन्य जहरीले जीव-जंतुओं के आश्रम व छात्रावास परिसर में घुस आने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इसी पृष्ठभूमि में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निम्न निर्देश जारी किए गए हैं। हर कमरे में समुचित रूप से जाली लगाना अनिवार्य किया गया है ताकि कोई जहरीला जीव प्रवेश न कर सकें। बारिश के बाद कहीं भी पानी ठहरने न पाए इसके लिए जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। छात्रावास व आश्रम परिसर के चारों ओर नियमित सफाई अनिवार्य रूप से की जाए। सभी संस्थानों में फर्स्ट एड किट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आपात स्थिति में तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध हो सके। नियमित अंतराल पर परिसर में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाए। शयन कक्षों की नियमित सफाई व बिस्तरों की जांच को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सभी कमरों और परिसर में पर्याप्त रोशनी रहे, साथ ही इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

**सभी अधीक्षकों को उपस्थिति अनिवार्य**

जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी छात्रावास/आश्रम अधीक्षक/अधीक्षिकाएं नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करें और इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधीक्षक की होगी।

# मध्य रात्रि 36 अज्ञात हथियार बंद बदमाश बलरामपुर खदान में घुसे

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर में चोरों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है,मुख्यमंत्री के निज सहायक के घर हुई चोरी के तीन दिन बाद अब बलरामपुर खदान में चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम दे दिया।बुधवार की रात तीस से पैंतीस की संख्या में खदान में घुसे हथियार बंद नकाबपोश चोरों ने खदान के कर्मियों को हथियार का भय दिखाकर धमका कर खदान में मशीन को पॉवर सप्लाई देने बिछाई गई लाखों की ट्रेलिंग केबल काट ले गए हैं।घटना के बाद आज गुरूवार को खदान के सबएरिया मैनेजर,सुरक्षा अधिकारी,मैनेजर थाने पहुंच पुलिस को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है,साथ ही खदान में लगी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है।बिश्रामपुर पुलिस ने कम्पनी सुरक्षाकर्मी उजीत राम की रिपोर्ट पर अज्ञात केबल चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।बताया गया कि कुमदा सहक्षेत्र के बलरामपुर भूमिगत खदान जहां सीटीओ के अभाव में गत एक जुलाई से कोयला उत्पादन बंद पड़ा हूआ है।रात्रि पाली में खदान में पंप सहित अन्य कार्य करने वाले मजदूर खदान के भीतर उपस्थित थे।मध्य रात्रि में दो दर्जन से अधिक की संख्या में नकाबपोश केबल चोर खदान के मुहाड़े से खदान के भीतर प्रवेश कर गए एवं यहां काम पर उपस्थित पंप ऑपरेटर घूरन राम का बदमाशों ने घड़ी व मोबाइल लुट लिया।

# जैन मंदिर चौक बना जल भराव का केन्द्र



**मनेन्द्रगढ़।** बरसात के दिनों में नगर के प्रमुख स्थान जैन मंदिर चौक पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सड़क पर तालाब जैसा दृश्य बन गया है। खासकर स्कूल समय में यहां से गुजरने वाले बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हर बारिश के बाद सड़क पूरी तरह से जलमग्न हो जाती है, जिससे लोगों को कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा भी एक गंभीर चिंता का विषय बन गई है। कई बार बच्चे फिसल कर गिर चुके हैं। व्यापारियों और आसपास के दुकानदारों का कहना है कि जलभराव से न सिर्फ आवाजाही बाधित होती है, बल्कि व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जैन मंदिर चौक की जल निकासी व्यवस्था सुधारी जाए और सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

- स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानी

## पृष्ठ 1 का शेष

### घर की चौखट से...

आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला कदम बढ़ाया। समूह की बैठकों में सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व क्षमता के चलते वे उन्नति महिला संकुल संगठन बड़गांव की अध्यक्ष बनीं। वर्तमान में गीता दीदी बिहान योजना के तहत संचालित ब्लॉक रिसोर्स सेंटर में भी अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। बिहान योजना के सहयोग से वर्ष 2022 में उन्होंने 60 हजार रूपए की सहायता लेकर सेंट्रिंग प्लेट किराए पर देने का व्यवसाय शुरू किया। उनकी साख और कार्यशैली से यह व्यवसाय तेजी से फला-फूला और सालाना 2 लाख रूपए से अधिक की आय देने लगा। मई 2025 में उन्होंने फिर से 50 हजार रूपए की सहायता से व्यवसाय को विस्तार दिया।

### सड़कों से झुके...

जैसी बीमारियों से लोगों को सुरक्षा मिल सके। इस पूरे अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल स्वयं उपस्थित रहे और कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि नगर के हर वार्ड में साफ-सफाई और छिड़काव का कार्य निरंतर जारी रहेगा। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चरचा अरुण जायसवाल ने कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा और स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है। बारिश के कारण उत्पन्न किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा।

# तेंदूपत्ता तोड़ने वाली महिलाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

तेंदूपत्ता संग्राहक महिलाओं के मेहनत भरे जीवन में सहारा बनी चरण पादुका योजना का शुभारंभ प्रेमनगर वन परिक्षेत्र के ग्राम तारा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज रहे। उन्होंने अपने हाथों से वनवासिनी महिलाओं को पादुका पहनाकर उन्हें सम्मानित किया।

कार्यक्रम वन विभाग द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें तारा, प्रेमनगर, चंदननगर, कनकपुर, उमेश्वरपुर और रामानुजनगर की लगभग 100 महिलाओं को चरण पादुका प्रदान की गई। इस मौके पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि योजना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की पहल थी, जो वन क्षेत्रों में काम करने वालों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई थी। दुर्भाग्य से पिछली सरकार ने इसे बंद कर दिया था, लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनकल्याणकारी सोच से यह योजना पूरे प्रदेश में पुनः शुरू की गई है। हमारी सरकार गांव, गरीब और वनवासी के हित के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, जिला पंचायत सदस्य विजय नयन सरदार, जनपद अध्यक्ष फुलेश सिरदार और मंडल अध्यक्ष मिथिला बंजारा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान शशिकांत गर्ग, अजय श्याम, जगमोहन सिंह, चंद्रभान सिंह, राजेश्वर तिवारी, दीपक गुप्ता, परमानंद जायसवाल अन्य शामिल रहे।




